हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 4 अगस्त 2026

06 अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी होंगे प्रोत्साहित...



07 सावन के पहले सोमवार को शहर के शिवालयों में उमड़ी भक्तों...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

रास्ता भटके 8 वर्षीय मासूम को डायल-112 ने सुरक्षित पहुंचाया घर

गुना। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में कार्य कर रही डायल-112 टीम ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए रात्रि में रास्ता भटके 8 वर्षीय मासूम बालक को सकुशल परिजनों से मिलाया। 2-3 अगस्त की मध्यरात्रि राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से जामनेर बस स्टैंड के पास एक बच्चे के भटकने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही एफआरवी पर तैनात आरक्षक रमेश दोहरे और पायलट अर्जुन सिंह किरार मौके पर पहुंचे। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह अपनी नानी के घर आया था और रात में अकेले घर जाने की जिद में भटक गया। आरक्षक और पायलट ने तत्परता दिखाते हुए इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास नानी को ढूंढकर बालक को उनके सुपुर्द किया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर आभार जताया।

कृषि आदान विक्रेताओं ने प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए दुकानें बंद रखीं



चाचौड़ा। कृषि आदान विक्रेता संघ चाचौड़ा-बीनागंज ने किसानों द्वारा कथित रूप से झूठी शिकायतें कर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखंड चाचौड़ा को ज्ञापन सौंपा। संघ के अनुसार कई मामलों में किसान स्वयं गलती से सोयाबीन की दवा मक्का की फसल में तथा मक्का की दवा सोयाबीन की फसल में उपयोग कर देते हैं। विक्रेताओं का कहना है कि प्रत्येक किसान को दवा देते समय फसल के अनुसार पूरी जानकारी दी जाती है। इसके बावजूद कुछ किसान गलत उपयोग के बाद दुकानदारों पर दोषारोपण कर शिकायत और रिपोर्ट कराने की धमकी देते हैं तथा पूरी फसल का मुआवजा मांगते हैं। विक्रेताओं का यह भी कहना है कि वर्तमान में प्रतिकूल मौसम के कारण भी फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन इसका जिम्मेदार भी दुकानदारों को ठहराया जा रहा है, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं। विक्रेता संघ ने प्रशासन से इस समस्या का समाधान कराने तथा प्रताड़ना से बचाने की मांग की है। विरोध स्वरूप संघ के आह्वान पर 3 अगस्त को क्षेत्र के सभी कृषि आदान विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया।

नपा राघौगढ़ ने हरित महाअभियान के तहत किया 500 पौधों का रोपण




राघौगढ़। नगर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित नगर के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर पालिका परिषद राघौगढ़-विजयपुर द्वारा अमृत महाअभियान के अंतर्गत ट्रेंचिंग ग्राउंड डोंगर परिसर में 500 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अभियान के तहत नीम, जामुन, आम, अमरूद, सहित विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। इन पौधों के विकसित होने से आने वाले वर्षों में शहर का हरित क्षेत्र बढ़ेगा, पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण के साथ छाया एवं फलों का भी लाभ प्राप्त होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया।

चाचौड़ा-बीनागंज स्टेशन पर ट्रेन पर पथराव, बुजुर्ग महिला बाल-बाल बची

भिंड-रतलाम एक्सप्रेस के एसी कोच का कांच फूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना







चाचौड़ा-बीनागंज स्टेशन के समीप रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात रात भिंड-रतलाम एक्सप्रेस ट्रेन पर अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव करने का मामला सामने आया है। भारी-भरकम पत्थर लगने से ट्रेन के एच-1 (फर्स्ट एसी) कोच का शीशा टूट गया और पत्थर सीधे कोच के अंदर जा गिरा। गनीमत रही कि सीट नंबर 13 व 14 पर यात्रा कर रही बुजुर्ग महिला इस हमले में बाल-बाल बच गईं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना रात 2 से 3 के बीच बताई जाती है।

जानकारी के अनुसार, ट्रेन जैसे ही बीनागंज स्टेशन के पास से गुजर रही थी, तभी अचानक ई-केबिन के समीप अज्ञात उपद्रवियों ने ट्रेन पर बड़ा पत्थर दे मारा। पत्थर इतनी तेजी से टकराया कि कोच की खिड़की में बड़ा सुराख हो गया और भारी पत्थर अंदर आ गिरा। घटना से कोच में अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में दहशत फैल गई।

मामले की सूचना तुरंत गुना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद चाचौड़ा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पीड़ित यात्रियों से घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू की। वहीं ट्रेन में मौजूद टीटीई और रेलवे स्टाफ ने मुस्तैदी दिखाते हुए प्रभावित यात्रियों की बर्थ बदलवाई। पुलिस और आरपीएफ ने मामला दर्ज कर पथराव करने वाले अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।


स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारी के संबंध बैठक

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक का कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर कन्याल ने बताया कि विगत वर्ष की भांति 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन लाल परेड ग्राउंड पर किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल लाल परेड ग्राउंड में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने पूर्व वर्ष की भांति सभी अधिकारी जिन्हें जो जिम्मेदारी दी गयी है उसका निर्वहन करें। समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी कार्यालयों में प्रातः 8 बजे तक ध्वजारोहण का कार्य कर लिया जाए। ध्वजारोहण के दौरान ध्वज संहिता का पालन करते हुए किया जाए।

फतेहगढ़ में डकैती: पंचायत सचिव के घर हथियारबंद बदमाशों का धावा

1 किलो सोना, 6 किलो चांदी और 10 लाख कैश उड़ा ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना





जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात ऐसी सनसनीखेज चोरी हुई जिसने पूरे इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम चुरैला में पंचायत सचिव के घर पर हथियारों से लैस करीब एक दर्जन बदमाशों ने धावा बोलते हुए करोड़ों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। बदमाश करीब एक किलो सोना, छह किलो चांदी, 10 से 11 लाख रुपये नकद, पूरी तिजोरी और एक मोटरसाइकिल तक चोरी कर ले गए। वारदात का पता सुबह लगते ही गांव में हड़कंप मच गया और क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम चुरैला निवासी पवन मीना, जो पंचायत सचिव/सहायक सचिव बताए जा रहे हैं, के घर को बदमाशों ने निशाना बनाया। बताया जाता है कि पवन मीना का संयुक्त परिवार गांव में रहता है तथा परिवार के पास सैकड़ों बीघा कृषि भूमि है। रविवार रात परिवार के सभी सदस्य रोज की तरह अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। इसी दौरान हथियारों से लैस करीब एक दर्जन बदमाश मकान में घुस आए। बदमाशों ने बेहद सुनियोजित तरीके से सबसे पहले उन कमरों की कुंडियां बाहर से बंद कर दीं, जिनमें परिवार के सदस्य सो रहे थे, ताकि कोई बाहर न निकल सके। इसके बाद उन्होंने पूरे घर को खंगालते हुए तिजोरी तक उठा ली और उसमें रखे कीमती जेवरात एवं नकदी समेटकर फरार हो गए।

चांदी और लाखों की नकदी पर हाथ साफ

प्राथमिक जानकारी के अनुसार बदमाश घर से लगभग एक किलो सोने के आभूषण, छह किलो चांदी, 10 से 11 लाख रुपये नकद, तिजोरी और एक मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। चोरी गए माल की अनुमानित कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। जिले में हाल के वर्षों की यह सबसे बड़ी चोरी की घटनाओं में से एक मानी जा रही है।

सुबह खुला राज, बाहर से बंद मिलीं कमरों की कुंडियां

घटना की जानकारी उस समय लगी जब सुबह परिवार के सदस्य जागे और उन्होंने अपने कमरों की कुंडियां बाहर से बंद पाईं। किसी तरह कुंडियां खुलवाई गईं तो पूरे घर का सामान बिखरा मिला और तिजोरी सहित जेवरात एवं नकदी गायब थी। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों के अनुसार पवन मीना के पिता बाबूलाल मीना रात करीब ढाई बजे उठे थे। उस समय तक सब कुछ सामान्य था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बदमाशों ने रात करीब ढाई बजे से सुबह चार बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस, फोरेंसिक और डॉग स्क्वॉड पहुंचे मौके पर

घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी विवेक अष्ठाना, फतेहगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में नाकेबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। गांव और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जबकि जंगलों और संभावित मार्गों पर भी पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं।

इलाके में दहशत, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

इतनी बड़ी चोरी ने पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हथियारबंद बदमाश रात के अंधेरे में पूरे परिवार को कमरों में बंद कर करोड़ों रुपये का सामान ले जा सकते हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। लोगों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गया माल बरामद करने की मांग की है।

पुलिस की जांच कई बिंदुओं पर केंद्रित

पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि बदमाशों को घर में रखी भारी मात्रा में नकदी और जेवरात की जानकारी पहले से थी या नहीं। वारदात जिस सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई है, उससे आशंका जताई जा रही है कि इसमें किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा रेकी की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

खेत पर काम के दौरान सांप के डसने से किसान की मौत

गुना। चाचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा खुर्द में सोमवार सुबह खेत पर काम करने गए एक किसान की सांप के डसने से मौत हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बरखेड़ा खुर्द निवासी बल्लभ मीणा (35) सोमवार सुबह करीब 6 बजे खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान उन्हें जहरीले सांप ने काट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर निकले। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत

गुना में जमकर मना जश्न, आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह की शानदार जीत का जश्न गुना में भी धूमधाम से मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने इस जीत को पूरे प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ बताया। उन्होंने दतिया में भाजपा की हार के साथ-साथ बिहार की बांकीपुर सीट पर भी भाजपा की पराजय का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा अपने ही राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के गृहक्षेत्र में चुनाव हार गई है, जो उनके लिए शर्मनाक जनादेश है और नवीन को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का अगला लक्ष्य 2028 का मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव है और पार्टी प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और जयवर्धन सिंह जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए।

कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष एडवोकेट सीमा यादव ने कहा कि दतिया में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ पूरी सरकार और प्रशासन ताकत झोंक रहा था, लेकिन दतिया की जनता और कुंवर घनश्याम सिंह ने भाजपा को आईना दिखा दिया है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ काम की शुरुआत

गुना। अगस्त माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। गायन में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मानस भवन समिति 11 से 19 अगस्त तक मनाएगी तुलसीदास जयंती

तीन वर्गों में होंगी प्रतियोगिताएं, दिए जाएंगे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मानस भवन निर्माण एवं संचालन समिति, गुना द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर्व 11 से 19 अगस्त तक मनाया जा रहा है। समिति के मंत्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि 12 अगस्त को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों में किया जाएगा। जूनियर वर्ग कक्षा-8 तक रामचरितमानस आधारित, सीनियर वर्ग कक्षा 9 से 12 तक रामचरितमानस एवं वाल्मीकि रामायण आधारित एवं महाविद्यालयीन वर्ग स्नातक व स्नातकोत्तर के लिए रामचरितमानस, वाल्मीकि रामायण, तुलसीदास कृत दोहावली, कवितावली व गीतावली आधारित होगी। ये प्रतियोगिता 12 अगस्त को सुबह 10 बजे मानस भवन के साथ सरस्वती शिशु मंदिर, वंदना कान्वेंट स्कूल, शांति पब्लिक स्कूल, क्राइस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सांदीपनि स्कूल, शासकीय लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2, उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या उच्चतर विद्यालय कैंट, मॉडर्न स्कूल, एस.एल. मेमोरियल स्कूल, गुरुदेव पब्लिक स्कूल, प्रेसीडेंसी स्कूल एवं नवोदया विद्यालय में एक साथभक्तमाल चरित्र व अन्य आयोजन इस अवसर पर 11 से 19 अगस्त तक श्रीकृष्ण निकुंज लीला एवं भक्तमाल चरित्र का मंचन प्रतिदिन सांयकाल 7 बजे से मानस भवन में किया जाएगा। जिसे बृजबल्लभ लीला संस्थान वृंदावन के संचालक आचार्य तीरथ राम पचौरी के नेतृत्व में वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

13 से 18 अगस्त तक 7 वर्ष से 15 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं के लिए मानस संस्कार शिविर लगेगा। 18 अगस्त को अंतर्विद्यालयीन रामलीला मंचन प्रतियोगिता होगी। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रामचरितमानस के प्रसंगों पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। 19 अगस्त को प्रातः 10 बजे श्री गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर पूजा-अर्चना और समापन होगा। कथा प्रवक्ता साध्वी प्रियंका भारती द्वारा व्याख्यान होगा।

सावन के पहले सोमवार का व्रत रखकर सुख और शांति की प्रार्थना

भक्तों ने कतारों में लगकर भगवान शिव का किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर जिलेभर में शिव भक्ति की बयार बह निकली। तड़के से ही शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के प्रमुख शिवालयों और पौराणिक गुफा स्थलों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

हर-हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के गूंजते जयकारों से समूचा अंचल धर्ममय हो गया। भक्तों ने पूरी आस्था और विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित किए तथा सुख-समृद्धि की मनोकामना की।शास्त्रों में सावन महीने का विशेष धार्मिक महत्व बताया गया है, और जब बात सावन के सोमवार की हो, तो भोलेनाथ के भक्तों का उत्साह चरम पर पहुंच जाता है। इसी कड़ी में सोमवार तड़के चार बजे से ही मंदिरों के पट खुलते ही जल चढ़ाने के लिए शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं।

शहर के प्रमुख और व्यस्ततम जयस्तंभ चौराहा तथा हनुमान चौराहा स्थित प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया और दर्शन-पूजन किए। इसके अतिरिक्त पशुपतिनाथ महादेव मंदिर तथा जिला चिकित्सालय परिसर स्थित शिवालय में भी दिनभर धार्मिक अनुष्ठान और विशेष पूजा-अर्चना का क्रम अनवरत जारी रहा। प्राचीन शिव गुफाओं पर भी उमड़ा श्रद्धा का सैलाब केवल शहर ही नहीं, बल्कि अंचल की ऐतिहासिक और पौराणिक मान्यताओं वाली शिव गुफाओं पर भी अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा देखने को मिला। आगरा-बॉम्बे (एबी) राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्रसिद्ध गादेर गुफा मंदिर में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्राकृतिक वातावरण के बीच बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया। इसके साथ ही मालपुर और ग्राम गढ़ा स्थित ऐतिहासिक धुंध पालेश्वर महादेव गुफा परिसर में भी दिनभर भारी चहल-पहल बनी रही और हजारों की संख्या में लोगों ने मत्था टेका।

केदारनाथ धाम न खुलने से श्रद्धालुओं के मन में दिखी टीसएक तरफ जहां पूरे जिले में सावन का पहला सोमवार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, वहीं दूसरी ओर प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के पट लगातार बंद रहने से भक्तों में मायूसी भी साफ नजर आई। ज्ञात हो कि बीते लगभग दो वर्षों से चट्टान खिसकने की दुर्घटना के चलते सुरक्षा कारणों से केदारनाथ धाम में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश और दर्शन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। सावन के इस पावन महीने में भी मंदिर के न खुलने के कारण हजारों शिवभक्त वहां दर्शन करने से वंचित रह गए, जिससे धार्मिक जनता में निराशा का माहौल व्याप्त है।

समाचार संक्षेप

असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में चयन होने पर अशोक मीणा को दी बधाईयां, खिलाई मिठाई



गुना। मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2024 के अर्थशास्त्र विषय में सफल प्रत्याशियों की अंतिम सूची में गुना के अशोक मीणा ने भी अपना नाम दर्ज कराया है। कुम्भराज तहसील के सांका कलां गांव के कल्याण सिंह मीणा के सुपुत्र अशोक वर्तमान में हरदा टिमरनी में वर्ग 2 शिक्षक के पद पर सेवारत हैं तथा गुना के म्याना में भी अतिथि शिक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। अर्थशास्त्र विषय में विशिष्ट मार्गदर्शन के लिए अशोक ने अपने मार्गदर्शक सुधीर परिहार सर के योगदान का आभार व्यक्त करते हुए अपनी सफलता में परिवारजनों के निरन्तर विश्वास और ईश्वर की दयादृष्टि को आधार बताया है। अशोक की सफलता पर मित्रों, इष्ट जनों तथा उनके छात्रों ने गर्व और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाइयाँ दी हैं।

सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र में चयन होने पर रोहिणी रघुवंशी को शुभचिंतकों ने दी बधाइयां



आरोन। नगर की होनहार छात्रा पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष अशोक सिंह रघुवंशी की पुत्री रोहिणी रघुवंशी का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर परीक्षा में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र में चयन होने पर शुभचिंतकों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। कुछ समय पहले रोहिणी रघुवंशी का मध्य प्रदेश व्यापम द्वारा जनपद पंचायत गुना में एडीओ के पद पर सलेक्शन होते हुए पदस्थ रहीं रोहिणी जनपद आरोन के ग्राम माता मूढ़रा की रहने वाले परिवार की पुत्री हैं। उन्होने प्रारंभिक शिक्षा आरोन में रहकर की और अपनी इस उपलब्धि पर पूरा श्रेय अपने माता-पिता परिवार वालों के साथ-साथ मार्गदर्शन करने वाले शिक्षक गुरुजनों को दिया है। रोहिणी की इस सफलता पर उन्हें शुभचिंतकों ने बधाइयां दी। बधाइयां देने वालों में इफ्तिखार हुसैन भाईजान, मिंटूलाल जैन नगर परिषद प्रतिनिधि, पार्वती अहिरवार कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, मेहरबान सिंह धाकड़ पहारुआ, विष्णुप्रसाद दुबे, देशराज कलेसिया, अरविंद श्रीवास्तव एडवोकेट, पर्वत सिंह बागड़ी, हल्के नेताजी कृष्णा त्यागी, मनोज लाल अहिरवार पत्रकार आदि ने बधाइयां दी हैं।

डॉ. अविनाश रघुवंशी प्रथम श्रेणी (क्लास-1) विशेषज्ञ पद पर चयनित

आरोन। मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 31 जुलाई 2026 के अनुसार डॉ. अविनाश रघुवंशी, वर्तमान में सिविल हॉस्पिटल आरोन, जिला गुना में पदस्थ एवं प्रभारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (BMO) के रूप में दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, का प्रथम श्रेणी विशेषज्ञ पद पर चयन किया गया है। यह चयन विभागीय चयन समिति द्वारा किया गया है।चयनित विशेषज्ञों की सूची में डॉ. अविनाश रघुवंशी का नाम क्रमांक 29 पर शामिल है। वे वर्तमान में सिविल हॉस्पिटल में चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ प्रभारी बीएमओ के रूप में अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रशासनिक कार्यों का भी सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं।

जन-विश्वास अभियान में शिकायतों के निराकरण को दें प्राथमिकता : कलेक्टर

अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी होंगे प्रोत्साहित लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में ''मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान'' के प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों के समयबद्ध निराकरण, उर्वरक वितरण व्यवस्था, शिक्षा, स्वच्छता तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि ''मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान'' के दौरान अधिकारी जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि खराब प्रदर्शन पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा केंद्र, जनसुनवाई, विभिन्न आयोगों एवं अन्य शिकायतों के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। जिन मामलों का समाधान जिला स्तर पर संभव है, उनका शत-प्रतिशत निराकरण किया जाए तथा राज्य स्तर से संबंधित प्रकरणों को समय पर अग्रेषित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर जनसमस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारी फील्ड विजिट करेंगे। इस दौरान निरीक्षण नोटबुक संधारित की जाएगी, जिसमें प्राप्त प्रकरणों, उनके प्रकार तथा किए गए निराकरण का विवरण दर्ज रहेगा। ''मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान'' के दौरान सभी विभाग अपने-अपने काउंटर एवं प्रदर्शनी भी लगाएंगे, ताकि आमजन को विभागीय योजनाओं की जानकारी मिल सके और मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा सके।

उर्वरक वितरण की हाइब्रिड व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए कि प्रतिदिन सुबह संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक लेकर वितरण व्यवस्था की समीक्षा करें, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सभी विद्यालयों में प्रतिदिन विद्यार्थियों को पाँच मिनट किसी उपयोगी विषय पर जानकारी दी जाए। साथ ही यह भी आंकलन किया जाए कि विद्यार्थियों ने क्या सीखा, उन्हें क्या लाभ मिल रहा है।

शक्ति सेतु सेवा कल्याण समिति ने रोपे पौधे, जैविक खेती के लाभ बताए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राघौगढ़ विकासखंड के ग्राम मीरपुर ग्राम में शक्ति सेतु सेवा कल्याण समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निशा दीक्षित की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में ग्राम की महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में छोटी बाई, उर्मिला, पार्वती, सीमा, अनीता, गुड्डी, दीपिका, मोनिका, खुशी तथा अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं ने पौधारोपण किया और सभी ने मिलकर वृक्षारोपण के साथ-साथ वृक्ष संरक्षण का संकल्प लिया। उपस्थित सभी लोगों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया।इस अवसर पर महिलाओं को जैविक खेती के महत्व एवं लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को रसोई से निकलने वाले जैविक अपशिष्ट से खाद (कम्पोस्ट) बनाने, गोबर एवं प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर जैविक खेती अपनाने तथा अपने घरों और खेतों में अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

दतिया उपचुनाव: कांग्रेस की जीत का मनाया जश्न, बांटी जलेबियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत की खुशी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाचौड़ा के तत्वावधान में बीनागंज में विजय जुलूस निकाला गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में जलेबी एवं अन्य मिठाइयां वितरित कर आमजन के साथ जीत का जश्न मनाया तथा आतिशबाजी कर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय मीणा ने कहा कि उपचुनाव में मिली जीत से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने इसे जनता के विश्वास और कांग्रेस की नीतियों की जीत बताया। कार्यक्रम में देवेंद्र पटौदी, गजेंद्र सिंह चौहान, नारायण सिंह बिंडल, प्रदीप श्रीमॉल, मनमोहन शर्मा, मनोज राठौर, सुंदरलाल सैनी, शिवराज मीणा, हेमराज खरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत की बधाई दी और पार्टी की सफलता पर खुशी व्यक्त की।

राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला: मुनि श्रमण सागर जी महाराज के प्रेरक प्रवचन

पड़ोसी से ईर्ष्या नहीं, पुरुषार्थ कर बराबरी करो: मुनि श्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



राघौगढ़ में चातुर्मास कर रहे तपस्वी बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा मैं आपको सही दिशा में चलने का मार्गदर्शन दे रहा हूं। आज हर व्यक्ति की यह स्थिति हो गई है कि हम से कोई एक कदम आगे चला गया है तो हमें उसे जलन महसूस होने लगती है। यहां माचिस की जरूरत नहीं होती है आदमी आदमी से जल रहा है। जीवन के हर क्षेत्र में एक दूसरे के प्रति जल एवं कुंठा निरंतर बढ़ती जा रही है। हम दूसरे की लाइन को मिटाने की अपेक्षा अपनी लाइन इतनी बड़ी करें कि दूसरे की लाइन छोटी हो जाए। सामने वाले के प्रति उसकी बढ़ती उपलब्धि पर जलन छोड़कर सबसे पहले हम यह देखें की वह क्या कारण है कि वह निरंतर प्रगति पर है। उसने जो साधन अपना कर प्रगति की है उन्हें भी हम स्वीकार करें और उसके अनुरूप चलकर जीवन में प्रगति करें। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा कि हमें इस सदी के महान संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए कि कर्नाटक राज्य के एक छोटे से गांव शदलगा में जन्म लेकर उन्होंने दुनिया में ख्याति पाई और इतना बड़ा आचार्य संघ बनाया है। आचार्य श्री ने कभी किसी की लाइन मिटाने करने का प्रयास नहीं किया। आपने कहा हमने चलने लिये रास्ता नहीं देखा। हमें तो आचार्य जी के कदमों के निशान मिले गये और हम चल पड़े। मुनि श्रमण सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में जैन धर्मशाला राघौगढ़ में प्रतिदिन प्रातः 6:45 बजे से युवक युवतियों की मोटिवेशन क्लास चल रही है। इस क्लास में मुनिराज युवक युवतियों को जीवन में कैसे सफल हों एवं जीवन में कभी निराश न हो यह प्रेरक मार्गदर्शन दे रहे हैं। मोटिवेशन क्लास में युवक युवतियां उत्साह से भाग ले रहे हैं।

दुष्कर्म कर बदनामी की धमकी देकर सोने के आभूषण हड़पने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ईसागढ़ पुलिस ने दुष्कर्म कर बदनामी की धमकी देकर सोने के आभूषण हड़पने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में मुख्य आरोपी को मात्र 06 घंटे में गिरफ्तार कर अपाचे मोटरसाइकिल, मोबाइल, गृहस्थी का सामान एवं 65,000 नगद बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को फरियादिया द्वारा थाना ईसागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा घटना की बदनामी करने की धमकी देकर उससे सोने के आभूषण प्राप्त कर लिए। उक्त शिकायत पर थाना ईसागढ़ में अपराध क्रमांक 342/2026 अंतर्गत धारा 64(1), 308(1) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से प्रभावी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सतीश अहिरवार निवासी पिपरेसरा को घटना के मात्र 06 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से पीड़िता के सोने के आभूषणों के बदले प्राप्त राशि से खरीदी गई अपाचे मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन, गृहस्थी का सामान तथा 65,000 नकद बरामद किए गए। विवेचना के दौरान आरोपी ने अपने मेमोरेण्डम में बताया कि उसके मित्र विकास जाटव ने सोने के आभूषणों के बदले धनराशि दिलाने में उसकी सहायता की थी। उक्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर सह-आरोपी विकास जाटव को भी गिरफ्तार किया गया।



महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का लाइव प्रसारण देख ली शपथ

अशोकनगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के निर्देशानुसार महाविद्यालयीन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अमित द्विवेदी द्वारा प्रधानमंत्री युवा संवाद नशामुक्त विकसित भारत 2047 अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 02 अगस्त 2026 रविवार को युवा विद्यार्थियों को नशे की लत से दूर रहकर विकसित भारत के लक्ष्य को निर्धारित समय से पूर्व प्राप्त करने संबंधी संबोधन का लाइव प्रसारण इंटरेक्टिव बोर्ड के माध्यम से दिखाया गया। प्रधानमंत्री के संबोधन पश्चात लाइव प्रसारण में नशे के दुष्प्रभाव एवं उनसे कैसे बचा जा सकता है? संबंधी नुक्कड़ नाटक भी विद्यार्थियो ने देखा। इस अवसर पर प्रो.विशाल नरवरिया एवं डॉ.बी. एस.गुप्ता द्वारा भी विद्यार्थियों को नशे से दूरी, है जरूरी थीम पर संबोधित किया गया। कार्यक्रम में शिवसेवक चैधरी, अनुज रघुवंशी, प्रवीण कौशिक, अजय कुशवाह तथा मनोज सक्सेना सहित उपस्थित समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने नशे से स्वयं दूर रहकर, परिवार एवं समाज को इससे दूर रखने एवं नशा नहीं करने संबंधी शपथ ली।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल एवं गरिमामय आयोजन को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने समारोह की सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, इसलिए समारोह की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने ध्वजारोहण समारोह, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विभागवार दायित्व निर्धारित किए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में समारोह स्थल की व्यवस्थाओं, अतिथियों के आगमन, आगंतुकों की सुविधाओं के संबंध समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें, जिससे स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। यह कार्यक्रम मोहरी राय के स्टेडियम पर आयोजित किया जाएगा।

कुंडलपुर धाम के नमो नगर वन में पौधरोपण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा कुंडलपुर धाम स्थित नमो नगर वन में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। बन मै विभिन्न प्रकार के 500 फलदार और छायादार ब्रक्षो को रोपा गया, अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना है।

इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष अशोक माहौर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शमशाद पठान एवं उपयंत्री दिनेश पटेल सहित परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया तथा नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक यदि एक-एक पौधे का रोपण एवं संरक्षण करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण प्रदान किया जा सकता है। पौधरोपण के साथ पौधों के सरंक्षण का संकल्प भी लिया गया, इस दौरान विभिन्न प्रजाति के पौधे रौपे गए।

अशोकनगर जिले को युवा संगम कार्यक्रम के प्रदर्शन पर जुलाई में मिला पांचवां स्थान

अशोकनगर। मप्र शासन कौशल विकास विभाग व रोजगार विभाग और एमएसएमई विभाग द्वारा प्रतिमाह निर्धारित दिवस पर जिला के आकांक्षी युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप से जोड़ने के लिए युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन सतत रूप से किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के मार्गदर्शन में इस वर्ष जुलाई 2026 के दौरान आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के प्रदर्शन पर प्रदेश स्तर से जारी रैंक में अशोकनगर जिले को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ। रोजगार आयुक्त भोपाल गिरीश शर्मा ने कलेक्टर साकेत मालवीय को प्रशंसा पत्र जारी करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा की है। इस आयोजन में सभी स्वरोजगार विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का सक्रिय योगदान रहा।

कांग्रेस ने दतिया उपचुनाव में मिली जीत के बाद अशोकनगर में जश्न मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर के नेतृत्व में शहर में विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जीत का उत्सव मनाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने विजय जुलूस पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी का लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोकनगर विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने कहा कि दतिया उपचुनाव का जनादेश जनता के विश्वास और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। उन्होंने कहा, अभी तो यह झांकी है,2028 अभी बाकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को समर्थन देकर परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दतिया का उपचुनाव सत्य और असत्य के बीच की लड़ाई को लेकर था। दतिया की जनता ने असत्य को पराजित कर सत्य का साथ दिया और कांग्रेस को विजयी बनाया। विजय जुलूस में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

शाढ़ौरा। सावन माह के पहले सोमवार पर नगर के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। पूरा नगर बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। नगर के कुंड मोहल्ला स्थित शिव मंदिर, कुंडलपुर महादेव मंदिर, शिवगौरी मंदिर एवं टेकरी सरकार बालाजी मंदिर परिसर स्थित शिवालय में सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्त अपने साथ बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, फल और जल लेकर पहुंचे तथा भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक कर सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की खुशहाली की कामना की गई।

सब दुखों से छूटना है तो श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार आचरण कर भक्ति करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्रावण सोमवार को श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा ग्राम सहोदरी शिव परिवार चबूतरा प्रांगड़ चौपड़ा में श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 14 गुणत्रय विभागयोग योग का स्वाध्याय हुआ जिसके आयोजक महेन्द्रसिंह यादव बने। गीतव्रती रामबली यादव ने व्याख्या करते हुए बताया भगवान श्रीकृष्ण अध्याय 10 श्लोक 23 में अर्जुन को बताते हैं मैं एकादश रुद्रों में शंकर हूं। श्रावण मास में श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय करने से व्यक्ति को यथार्थ भक्ति प्राप्त होती है और शास्त्र अनुसार कर्म करने की प्रेरणा मिलती है।

अध्याय 14 श्लोक 18 में भगवान कहते हैं, सत्त्वगुणमें स्थित पुरुष स्वर्गादि उच्च लोकों को जाते हैं, रजोगुण में स्थित राजस पुरुष मध्य में अर्थात मनुष्य लोक में ही रहते हैं और तमोगुण के कार्यरूप निद्रा, प्रमाद और आलस्यादि में स्थित तामस पुरुष अधोगति को अर्थात कीट, पशु आदि नीच योनियों को तथा नरकों को प्राप्त होते हैं। इसलिए सभी को श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए और तामसिक कर्म जैसे आलस्य, प्रमाद, नशा, लड़ाई झगड़ा, चोरी, व्यभिचार आदि से बचना चाहिए क्योंकि तमोगुणी कर्म करने से कीट, पतंग, पशु आदि योनियों में जन्म होता और नर्क की यातनाएं भोगना पड़ता है। ग्राम सहोदरी में प्रति सोमवार स्वाध्याय किया जाता है।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोहरवास चक्क निवासी अरबिंद केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राकेश आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धतुरिया निवासी शीलचन्द्र साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राधे रजक और हरि रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

श्री आनंदपुर मेले में आया युवक लापता

अशोकनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बालमकुमार राजपूत निवासी ग्राम झरूण्डी मझीन जिला कांकडा हिमाचल प्रदेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि निक्कूराम पुत्र कश्मीर सिंह राजपूत उम्र 43 साल आनंदपुर मेले में आया था। 25 जुलाई के बाद से उसका कोई पता नहीं है, वह हर साल मेले में आता था, जो कि बिना बताए कहीं चला गया है, जिस पर से पुलिस ने गुमसुदगी का मामला दर्ज किया है।

जुए के अडडे पर पुलिस की छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। देहात पुलिस ने ग्राम फुटेरा में ताश के पत्तों से जुंआ खेलते हुए सुंदर राजपूत, हरिचरण शर्मा, विनोद शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, शिशुपाल पाल, मनोज केवट, अभिषेक पाल, जयकुमार पटेल को गिरफ्तार किया जिनके पास से पुलिस ने 3 मोबाइल और 9800 रूपए जप्त किए हैं।

विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत की जा रही है गतिविधियां

अशोकनगर। जिले में 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया है। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी ने बताया कि जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करना, 06 माह तक केवल मां का दूध पिलाना तथा 02 वर्ष तक पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के लिए जागरूक करना है। इस वर्ष की थीम जीवन की स्थाई शुरूआत के लिए स्तनपान जो कारगर है, से मजबूत करें' रखी गई है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.जयकृत सिंह राजपूत ने बताया कि मां का पहला पीला गाढा दूध कोलेस्ट्रम शिशु का पहला टीका माना जाता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाता है। उन्होंने 06 माह तक के शिशु को शहद, घुट्टी, पानी या अन्य कोई आहार न देने की सलाह दी। सप्ताह के दौरान सभी सरकारी अस्पतालों के प्रसूति वार्ड,एसएनसीयू, एनआरसी, एएनसी और पीएनसी वार्डो में गर्भवती व धात्री महिलाओं को स्तनपान,कंगारू मदर केयर और इससे जुडी भ्रांतियों पर परामर्श दिया जा रहा है।

हरियाली तीज का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

अशोकनगर। सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा हरियाली तीज उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तीज पूजन, पारंपरिक तीज गीतों एवं संगठन की मार्गदर्शिकाओं के सम्मान के साथ हुआ। इस अवसर पर संगठन की मार्गदर्शिकाएं उमा बहन, साधना शर्मा, वंदना कन्हैआ, डॉ. रजनी शुक्ला, राखी तिवारी एवं सपना नायक का सम्मान संगठन की अध्यक्ष अंजना दुबे, सचिव वंदना पाराशर तथा कोषाध्यक्ष रीना बुधौलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संगठन की सदस्य एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा का कार्यकारिणी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तीज उत्सव के दौरान संगठन की सदस्यों ने समूह नृत्य, नाट्य प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया,जिसमें सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं एवं प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए।

भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक, बम-बम भोले के गूंजे जयकारे

सावन के पहले सोमवार को शहर के शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







सावन का पहला सोमवार अशोकनगर शहर में भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शिवालयों में भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। शाम की अवधि में शिवालयों में भोलेनाथ का श्रंगार किया गया।

सोमवार को सुबह से ही भोलेनाथ के भक्तों ने अपने प्रभु का अभिषेक किया। शहर के शिवालयों में ओम नमः शिवाय की जयकारा धुन गूंजती रही। शिव भक्तों ने जल से अभिषेक किया तो कई भक्त परिवार जनों के साथ पहुंचे। जहां जल,दूध बेल पत्री आदि सामग्री से भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। सुबह की अवधि में शहर भर के शिवालयों में भोलेनाथ के भक्तों का तांता लगा रहा, मंदिरों पर आकर्षक लाइट की गई और साफ सफाई के साथ-साथ विभिन्न इंतजाम किए गए। इस बार सावन के महीने में 4 सोमवार पड़ रहे हैं यह सावन का पहला सोमवार है। शिव भक्तों ने अभिषेक करने के साथ-साथ प्रभु की आराधना की और आशीर्वाद मांगा।

कहते हैं कि भोलेनाथ शायद भगवानों में ऐसे भगवान है जो जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं और अगर उनके लंबे समय तक आराधना की जाए तो मैं भक्तों पर प्रसन्न भी हो जाते है। इसीलिए उन्हें भोलेनाथ कहा जाता है अशोकनगर शहर के सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का तांता लगा रहा। शहर के सराफा बाजार के हनुमान मंदिर में भोलेनाथ जी की भक्ति की और अभिषेक किया। शहर के हजारेश्वर मंदिर में शिव भक्तों के पहुंचने की शुरुआत सुबह से हो चली थी जो दोपहर तक चलती रही। इसी तरह ब्रह्मगौढ़ शिव मंदिर पर भी यही स्थिति भक्तों की देखी गई। तार वाले बालाजी सरकार के मंदिर पर ने भोलेनाथ का अभिषेक किया। आसमानी माता मंदिर पर भी श्रद्धालु भोलेनाथ के लिए दर्शन करने पहुंचे और अभिषेक किया।

शहर में भोलेनाथ के भक्त कई तरह से यह पर्व मनाते हैं कोई एक समय व्रत करता है तो कोई पूरे समय उपवास करता है कई श्रद्धालु ऐसे हैं जो इन दिनों में चप्पल पहनना भी बंद कर देते हैं। भोलेनाथ के भक्तों को अपने घरों से पत्रों में जल भरकर और विभिन्न सामग्री को लाते हुए मंदिरों में देखा गया। कई भक्तों ने शिव चालीसा का पाठ किया तो कई जगह शिव पुराण के आयोजन हुए। वहीं अनेक श्रद्धालु उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर पर कई श्रद्धालु ओंकारेश्वर में शिवालय दर्शन करने के लिए गए।

तीसरे वर्ष निकली श्री चिंता हरण हनुमान जी भक्त मंडल की कांवड़ यात्रा



श्री चिंता हरण हनुमान जी भक्त मंडल द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए और भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ श्रद्धापूर्वक जल लेकर रवाना हुए। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा। यात्रा के संरक्षक मनोज शर्मा उपाध्याय ने बताया कि चिंता हरण हनुमान जी भक्त मंडल के सभी सदस्य इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरे वर्ष समर्पित भाव से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री चिंता हरण हनुमान जी मंदिर सभी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है तथा यहां विराजमान सिद्धेश्वर महादेव की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म को सशक्त करना, समाज में समरसता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह यात्रा निरंतर निकाली जाती रहेगी, ताकि भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद समस्त क्षेत्रवासियों पर बना रहे और सभी का जीवन सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण हो।

दो अंतरजिला आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने दिनदहाड़े हुई चैन स्नैचिंग का किया खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना कोतवाली पुलिस को दिनदहाड़े हुई चैन स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई सोने की 02 चैन कीमती करीवन 06 लाख रूपये बरामद की है।

उल्लेखनीय है कि 18 जुलाई को फरियादी जयकुमार जैन निवासी पछाड़ीखेड़ा रोड, अशोकनगर द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 22.05.2026 को प्रातः लगभग 7.30 बजे से 9.00 बजे के बीच परम पूज्य श्री सुधासागर जी महाराज के आगमन एवं आशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान अत्यधिक भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी पत्नी सुलोचना जैन सहित राजकुमार जैन, सरोज जैन एवं दुर्गेश जैन की सोने की चैन झपटकर चोरी कर ली। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 456/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल की बरामदगी के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने घटनास्थल, मुखबिर तंत्र तथा तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान एक ऐसे शातिर अंतरजिला गिरोह का सुराग मिला, जो पूर्व में गुना, मुरैना सहित विभिन्न जिलों में चैन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे चुका था। सघन प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस ने आरोपी मनीष पिता रामवीर जाटव (38 वर्ष), निवासी सिंगल बस्ती, भरोसेवाली गली, जिला मुरैना तथा रामबाबू अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल 38 वर्ष, निवासी धनवंतीनगर, जबलपुर को गिरफ्तार कर लिया। प्रकरण का एक अन्य आरोपी संजय अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की गई सोने की चैन को जबलपुर स्थित एक ज्वेलरी दुकान पर बेचने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर चोरी गई सोने की 02 चैन कीमती करीवन 06 लाख रूपये बरामद कर लिया है।

शिविरों में आने वाले आवेदनों के निराकरण के निर्देश

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत 07 अगस्त 2026 को जिले की तहसील मुंगावली के ग्राम पंचायत बीडसरकार में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में सीएम हेल्पलाईन, लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से कराया जाए। मुंगावली सहित सभी विकासखण्डों में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों का आयोजन हेतु प्रभावी तैयारियां सुनिश्चित कराई जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

उद्योग संवाद का करें आयोजन

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों के दौरान उद्योग संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उद्योग संवाद का उद्देश्य जिले के उद्यमियों एवं स्वरोजगार से जुडे हितग्राहियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं,सुझावों एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करना है। साथ ही उनके निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना है। शिविर में उद्योग स्थापना तथा स्वरोजगार के संबंध में जानकारी दी जायेगी।

जर्जर भवनों को करें ध्वस्त

जिले के स्कूल तथा आंगनवाडी भवन जो जर्जर स्थिति में है,उन भवनों को ध्वस्त किये जाने की कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में बच्चों को जर्जर भवनों में न बैठाया जाए। संबंधित अधिकारी सब इंजीनियर के साथ मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

केन्द्रीय मंत्री से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

बैठक में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिये कि विभागों में लंबित आवेदनों का निराकरण यथाशीघ्र किया जाए। निराकरण हेतु वरिष्ठ कार्यालय से स्वीकृति अथवा बजट की आवश्यकता हो तो उसके लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाएं। बैठक में बच्चों की अपार आईडी बनवाये जाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश कलेक्टर ने डी.पी.सी को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों के आधार कार्ड के आधार पर अपार आई.डी. बनवाई जाएं। बैठक में शासन स्तर से प्राप्त पत्रों तथा प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये की नियमित समीक्षा करें तथा निर्धारित समय सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री,लघुसिंचाई गणना,वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।



इको क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

अशोकनगर। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश के संरक्षण एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट के मार्गदर्शन में इको क्लब द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर का निर्माण तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर मोनिका नामदेव, संगीता अहिरवार, प्रवीण कौशिक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया।

जर्जर भवन से छात्राओं को दूसरी जगह शिफ्ट करने के निर्देश

जनजाति हॉस्टल की खुली पोल, नायब तहसीलदार के निरीक्षण में मिलीं खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर के पंचमनगर कॉलोनी स्थित जनजाति बालिका हॉस्टल में व्यवस्थाओं की पोल खोलती एक तस्वीर सामने आई है। सोमवार शाम लगभग 5 बजे नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता जब हॉस्टल में औचक निरीक्षण करने पहुंचीं, तो वहां कई अव्यवस्थाएं और खामियां देखने को मिलीं।

निरीक्षण के दौरान स्थिति इतनी खराब पाई गई कि छात्राओं के कमरों में छत पर पंखे तो लगे थे लेकिन वे चालू नहीं थे। वहीं, पानी के लिए मोटर तो लगी थी, लेकिन उसे भरने और सप्लाई की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। हॉस्टल की पूरी बिल्डिंग अत्यंत जर्जर और खराब हालत में पाई गई,जिस पर नायब तहसीलदार ने सख्त नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तुरंत मरम्मत कराने और छात्राओं को तत्काल किसी अन्य सुरक्षित भवन में शिफ्ट करने के कड़े निर्देश दिए।

चाय, फल-फ्रूट से लेकर वाटर कूलर तक की शिकायतें

छात्रावास में रह रही छात्राओं ने नायब तहसीलदार के सामने अपनी समस्याएं रखीं। छात्राओं का आरोप है कि उन्हें मेन्यू के अनुसार मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। नाश्ते में चाय और फल-फ्रूट तक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। यद्यपि कागजों में हॉस्टल द्वारा वाटर कूलर और आरओ की व्यवस्था दिखाने का दावा किया गया है, लेकिन धरातल पर छात्राएं मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही हैं।



सुरक्षा से खिलवाड़, न कैमरे न उपस्थिति रजिस्टर

निरीक्षण के दौरान सबसे बड़ी लापरवाही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उजागर हुई। इतने बड़े कन्या छात्रावास में सुरक्षा के लिए एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा हुआ है। हद तो तब हो गई जब नायब तहसीलदार ने हॉस्टल की उपस्थिति दर्ज करने वाला पंजी रजिस्टर मांगा, तो अधीक्षक द्वारा वह भी उपलब्ध नहीं कराया जा सका। इससे हॉस्टल प्रशासन की घोर लापरवाही और मनमानी साफ जाहिर होती है।

उल्लेखनीय है कि रविवार को जिले के कलेक्टर साकेत मालवीय चंदेरी प्रवास के दौरान विभिन्न हॉस्टलों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। चूंकि यह बालिकाओं का हॉस्टल था, इसलिए वे स्वयं अंदर नहीं गए थे। इसके बाद उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को बारीकी से निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के इसी निर्देश के पालन में सोमवार को नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता जांच के लिए पहुंची थीं। आपको बता दें कि नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता ने पंचम नगर हॉस्टल से पहले कन्या शाला स्थित कस्तूरबा छात्रावास का भी निरीक्षण किया।

मित्रता दिवस पर काव्य गोष्ठी में कवियों ने रचना पाठ किया

'दोस्त जब पास से गुजरते हैं, बात दिल की जरूर करते हैं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मित्रता दिवस एवं राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती की पूर्व संध्या पर स्थानीय कवियों द्वारा एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के इकाई प्रमुख प्रियकांत माथुर के निवास पर किया गया। गोष्ठी कवि दिनेश बिरथरे की अध्यक्षता एवं सुधीर गुप्ता सचिव लेखक संघ इकाई अशोकनगर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

विशिष्ट अतिथि कवि प्रेमनारायण श्रीवास्तव ने काव्य गोष्ठियों की समाज में आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। गोष्ठी की शुरुआत में सरस्वती पूजन के पश्चात कवि दूधनाथ मधुकर ने सरस्वती वंदना का वाचन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का पुष्पहार से एवं सभी कवियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने वक्तव्य में अशोकनगर की काव्य धरोहर पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की काव्य कृतियों का समाज को अवदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धाजंलि दी।

कवि गिरजेश श्रीवास्तव ने तुम प्यार की बातें करो, श्रृंगार की बातें करो, पर मैं सदा ही वीरता के गीत गाऊँगा ओजस्वी रचना प्रस्तुत की। जगदीश शर्मा सहज ने दोस्ती पर ग़ज़ल - दोस्त जब पास से गुजरते हैं, बात दिल की जरूर करते हैं एवं नौजवानों को गुनाहों से बचाना होगा, इस वतन को मुहब्बत से सजाना होगा से श्रोताओं को विभोर किया। हास्य कवि महेश श्रीवास्तव ने -हम उनको सुनाते हैं जिनके कान नहीं हैं, उम्मीद उनसे जिनका कि ईमान नहीं है, बिल डले हैं लाखों के भी उस दुकान के, जिसमें रखा अभी तक कोई सामान नहीं है प्रस्तुत की। दूधनाथ मधुकर ने- पहले मैं आप सबको पहचानता नहीं था, गर मित्रता न होती तो जानता नहीं था, प्रियकांत माथुर ने -मेरे गीत मंदिर के द्वारे, तुझको पुकारे अब तो आजा, प्रिय जीवन तो अपना जी लिया किसी भी तरह हँसते गाते गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि कवि सुधीर गुप्ता ने -मन की बातें सिवा मित्र के समझ सके न अन्य,कृष्ण कर्ण से मित्र हों जिसके सुधिरा वो है धन्य से दोस्ती के महत्व पर प्रकाश डाला एवं सभी कवियों की रचनाओं की समीक्षा की। दिनेश बिरथरे ने मजदूर पर रचना-मन्दिर,मस्जिद,चर्च और, गुरूद्वारे मेरे बने हुए, पर दर्शन पर पाबंदी,कपडे मिट्टी में सने हुए। चूना,पत्थर,ईंट लगा कर,ताज महल बनवाए हैं।फिर भी इस निर्दय मानव से,मैने हाथ कटाए हैं ,प्रस्तुत की।

लेखक संघ की गोष्ठी में प्रथम बार सम्मिलित हुए सुनील जैन नवोदित क्रॉकरी ने अपनी रचना- परिवार में राम की तरह, समाज में कृष्ण की तरह, साधना में शिव की तरह, मोक्ष मार्ग में महावीर की तरह चलना चाहिए पेश की जिसे खूब सराहा गया। लक्ष्मीनारायण सोनी ने अपने चिर परिचित अंदाज में -मित्र तुम दिन रात खामोश रहते हो, खुशियाँ कहीं खो गयी हैं, मित्र बोला मेरी शादी हो गयी से श्रोताओं को हँसाया। प्रेम नारायण श्रीवास्तव ने- कामना शीर्षक से रचना प्रस्तुत की जिसके बोल थे- क्षुधा या भूख की कामना, विष्णु माया रूप होती, ये भूख तनमन बुद्धि एवं आत्मा को जलाती। स्वदेश माथुर की प्रकृति की सुंदरता पर मनमोहक रचना- पहने हरे वस्त्र धरती ने मौसम हुआ सतरंगी, ख्वाब तो ख्वाब हैं जिन्हें देखने में अपना क्या जाता है को भी काफी सराहा गया। होशियार सिंह ने श्नेता हो गए धनवारे, भ्रष्ट हुए अफसर सारे पैरोडी से शुरुआत की। बहादुरपुर की नवोदित कवयित्री सलोनी पाल ने बुलंद आवाज को तुम मेरी शोर न समझना, शेर के बच्चों को खरगोश न समझना का वाचन किया।



यूरिया खाद नहीं मिलने पर किसानों ने चक्काजाम किया

अशोकनगर। जिला मुख्यालय पर यूरिया खाद नहीं मिलने पर नाराज किसानों ने डबल लॉक खाद वितरण केन्द्र के बाहर मुख्य सड़क पर जाम लगाया। इस दौरान मार्ग से निकलने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, किसान विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर बैठ गए। जिले में अभी तक यूरिया खाद का वितरण टोकन सिस्टम से किया जा रहा था, जिन्होंने टोकन के माध्यम से खाद बुक कराई थी उन्हें ही यूरिया दिया जाएगा, जिले में इस समय किसानों को यूरिया खाद की जरूरत है। लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रहा है, किसानों का कहना है कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने के बाद भी उन्हें नहीं दिया जा रहा है। ऑफलाईन सिस्टम से खाद वितरण न होने की जानकारी पहले ही किसानों को दे दी गई थी, किसानों के इस विरोध प्रदर्शन के कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क के दोनो ओर वाहनों की कतार लग गई।

वाहन मालिक ने एसपी को दिया आवेदन, दलाल और बाबूओं की मिलीभगत की आशंका

बगैर ओटीपी, कूटरचित दस्तावेजों से आरटीओ ने ट्रांसफर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय राजगढ़ में सबकुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है। यहां अक्सर कईं तरह की लापरवाहियों और दलालों की ऑफिस के काफी अंदर तक सांठगांठ के चलते गड़बड़ियों के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में एक टैक्टर मालिक की बगैर अनुमति, फर्जी हस्ताक्षर और बगैर ओटीपी के गुना जिले के व्यक्ति के नाम वाहन ट्रांसफर कर दिया गया। पीड़िता ने जब आरटीओ कार्यालय से जानकारी मांगी तो पूरे फर्जीवाड़े की पोल खुली। पीड़ति ने गत दिवस पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को शिकायती आवेदन देकर जांच और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की गुहार लगाई है।



क्या है पूरा मामला

जाटियाखेड़ी निवासी मुकेश वर्मा ने अपना जॉनडियर ट्रैक्टर एमपी-39 एडी-1264 दिसंबर 2025 में पवन अहिरवार निवासी जोगन बावड़ी, मक्सूदनगढ़ जिला गुना के साथ 5,50,000 में मौखिक रूप टैक्टर का सौदा तय किया था। पवन के नाम फाइनेंस न होने पर उसके ससुर शांतिलाल अहिरवार निवासी ग्राम महू चैपना ने मार्च 2026 में ट्रैक्टर फाइनेंस करवा लिया लेकिन विक्रेता मुकेश वर्मा को राशि नहीं दी गई। जब शांतिलाल ने पैसे देने में आनाकानी की तो पीड़ति ने 28 मई 2026 को थाना मक्सूदनगढ़ में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की समझाइश पर 28 जून 2026 तक पैसे देने का वादा किया लेकिन फिर भी राशि नहीं दी गई। जब पीड़ति मुकेश वर्मा को शक हुआ तो उसने 07 जुलाई 2026 को जिला परिवहन अधिकारी, राजगढ़ के समक्ष दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया।

कूटरचित दस्तावेजों से दूसरे के नाम हो गया वाहन

आरटीओ में बाकायदा राशि जमा करने के बाद जब उक्त वाहन ट्रांसफर के संबंध में जानकारी निकलवाई गई तो प्राप्त दस्तावेजों से खुलासा हुआ कि शांतिलाल अहिरवार ने दलालों, आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों, अधिकारियों से सांठगांठ कर मुकेश वर्मा के जाली हस्ताक्षर कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। बिना राशि चुकाए और असली वाहन मालिक की जानकारी के बिना ट्रैक्टर का नामांतरण शांतिलाल के नाम कर दिया। जबकि किसी भी वाहन को दूसरे के नाम ट्रांसफर करने में सबसे पहले वाहन मालिक को भेजे गए ओटीपी की आवश्यकता पड़ती है। वाहन मालिक द्वारा ओटीपी भी नहीं दिया गया और न ही कार्यालय के सामने वाहन मालिक और खरीदार दोनों के फोटो लिए गए और सेल लेटर पर जाली हस्ताक्षर से इस गड़बड़झाले को अंजाम दिया गया। धोखाघड़ी के साथ ही आरटीओ में चल रहे भारी गड़बड़ियों की ओर इशारा कर रहा है।

इनका कहना है

आवेदन मार्क कर संबंधित थाने भेज दिया गया है। इस मामले में यदि राजगढ़ आरटीओ से कार्रवाई के संबंध में हमें कोई प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो सर्वसंबंधितों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- नेहा गौर, डीएसपी, राजगढ़

सिटीजन पोर्टल पर जो आवेदन मिला होगा उस पर प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर वाहन ट्रांसफर किया गया है। मामला संज्ञान में है। वाहन मालिक और क्रेता के बीच रुपए-पैसों का भी विवाद है।

- राजदेव शर्मा, वाहन ट्रांसफर शाखा प्रभारी, आरटीओ, राजगढ़।

टाइम लिमिट बैठक में लापरवाही

एक ईई, 2 कृषि अधिकारियों सहित सीएमओ पर 2-2 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की विशेष उपस्थिति में कल आयोजित समय-सीमा बैठक मे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान पर विशेष फोकस दिया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जल संसाधन ईई के.के. ठाकुर, जल निगम के उपयंत्री राहुल राठौर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपूत (सारंगपुर), दिनेश श्रीवास्तव (नरसिंहगढ़) एवं ब्यावरा नगर पालिका सीएमओ इकरार अहमद पर पर 2-2 हजार का जुर्माना लगाया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) समय पर नहीं कराए जाने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने समीक्षा के दौरान सारंगपुर एवं पचोर विकासखंड में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

विभिन्न योजनाओं पर दिए गए अहम निर्देश

अधिकारियों ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की पूर्व मैपिंग कर उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जन विश्वासन अभियान के सफल संचालन हेतु संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही सार्थक अटेंडेंस, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं अन्य विभागीय योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि एसएएम, एमएएम, अंडरवेट एवं स्टंटेड बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग, गर्भवती महिलाओं के एएनसी परीक्षण तथा टीएचआर (टेक होम राशन) वितरण का शत-प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

जिला परिवहन विभाग की कार्रवाई, पांच वाहनों के चालान के साथ एक स्कूल बस जब्त की गई

आरटीओ की भनक लगते ही स्टैंड से गायब हो गई बसें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

जिला परिवहन विभाग की कार्रवाई की सूचना मिलते ही सोमवार को सारंगपुर बस स्टैंड का नजारा अचानक बदल गया। परिवहन विभाग के उड़नदस्ते के पहुंचते ही कई यात्री वाहन बस स्टैंड से गायब हो गई। जिससे यात्रियों को काफी देर तक बसों का इंतजार करना पड़ा। विभाग ने मौके पर पांच वाहनों के चालान बनाकर करीब 9 हजार रुपये का राजस्व वसूला, जबकि एक स्कूल बस को वैध दस्तावेज नहीं होने पर जब्त कर लिया। जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र बैंस ने बताया कि नियमित जांच अभियान के तहत लीमाचैहान स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल की बस एमपी-42-0224 आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिसके चलते उसे जब्त किया गया। वहीं सारंगपुर के सत्य साईं स्कूल तथा गुलावता के वैष्णव पब्लिक स्कूल के वाहनों से संबंधित दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर राजगढ़ को प्रतिवेदन भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड पर केवल पांच बसों की ही चालानी कार्रवाई हो सकी। इसके बाद अधिकांश यात्री वाहन वहां से हट गए। स्थानीय दुकानदारों ने सुनसान पड़े बस स्टैंड की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए सवाल उठाया कि आरटीओ के पहुंचते ही वाहन आखिर क्यों गायब हो गए।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यात्री वाहनों के चालक और परिचालक के लिए निर्धारित वर्दी, नाम पट्टिका, पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र तथा पांच वर्ष पुराने हैवी ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज रखना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान अन्य व्यावसायिक वाहनों की भी जांच की गई। वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरटीओ दल के बस स्टैंड पर रहने तक शाजापुर, पचोर, आगर, शुजालपुर और पाडल्या माता मार्ग की कई बसें नहीं पहुंचीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं परिवहन विभाग का दल रवाना होते ही कुछ समय बाद बसों का संचालन सामान्य हो गया और बस स्टैंड पर फिर से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई।

राजवाड़ी पगड़ी से किया खोयरी महादेव का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार नगर सहित जिले भर में लोग भक्ति की सरिता में रमते नजर आए। जिले के विभिन्न शिवालयों में तड़के से शुरू हुआ पूजा, अनुष्ठान, अभिषेक का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। नरसिंहगढ़ बैजनाथ महादेव धाम पर हजारों की संख्या में जिले सहित अन्य जिलों के शिवभक्तों ने पहुंचे। राजगढ़ के खोयरी महादेव धाम पर भी पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। यहां भोलेनाथ का राजवाड़ी पगड़ी से विशेष श्रृंगार किया गया था। खोयरी धाम पर भी प्रातः से भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। शाम के समय सैंकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु मंदिर पहुंचे और अपने परिवार सहित जिले भर में सुख, शांति, समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ से की।

पीपलहेला जोड़ पर सड़क पर बैठी गायें देती हादसे को न्योता

एनएच 46 पर 15 गायों की मौत पर कलेक्टर के गो रक्षा के लिए जारी किए गए आदेश बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



राजगढ़ जिले में कुछ दिन पहले एनएच 46 पर राजगढ़ रोड़ पर हिरनखेड़ी टोल के पास में सड़क पर बैठी दो दर्जन से अधिक गायों में से 17 को एक ट्रक चालक ने अपनी चपेट में लेकर उन्हे मौत के घाट उतार दिया था। इस हादसे के बाद जिले में गायों को लेकर काफी आक्रोष फैला था, इसी को शांत करवाने के लिए राजगढ़ कलेक्टर गिरीष कुमार मिश्रा ने सभी विभागों को आदेष दिया था की अब सड़कों पर गाये नहीं दिख जाए, नहीं तो संबंधित विभाग के कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाही की जाएगी। लेकिन कलेक्टर के द्वारा जारी आदेष एक दिन बाद ही हवा में फुर्रर..... हो गए और सड़कों पर सैकड़ों की तादाद में गाय बैठी देखी जा सकती है।

भोपाल रोड पर कनचारिया टोल टैक्स पर एनएचएआई, टोल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही

नेशनल हाईवे 46 पर ब्यावरा से भोपाल की ओर जाने वाले हाईवे पर कचनारिया के पास बने टोल के समीप एनएचएआई और टोल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। टोल टैक्स से महज 200 मीटर की दूरी पर पीपलहेला जोड़ के पास बीच सड़क पर सोमवार सुबह 11 बजे करीब लगभग 20 से 25 गायें बैठी पाई गईं। टोल प्लाजा के इतने नजदीक इस तरह का नजारा यह साबित करने के लिए काफी है कि टोल प्रबंधन और पेट्रोलिंग टीम अपने कर्तव्यों को लेकर कितनी उदासीन है। वाहन चालकों से मोटा टोल टैक्स वसूलने के बावजूद भी सुरक्षा के नाम पर व्यवस्थाएं शून्य साबित हो रही हैं। हाईवे पर मवेशियों का इस प्रकार जमघट लगे रहना आए दिन होने वाले जानलेवा हादसों का कारण बन रहा है। तेज रफ्तार में गुजरने वाले वाहनों के लिए ये मवेशी अचानक आफत बन जाते हैं, जिससे न केवल वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है, बल्कि बेजुबान गायों की भी दर्दनाक मौतें हो रही हैं।

लापरवाही पर उठते बड़े सवाल

1033 हेल्पलाइन और पेट्रोलिंग टीम की नाकामी एनएचएआई आपातकालीन स्थिति और हाईवे की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1033 और पेट्रोलिंग वाहनों का दावा करता है, लेकिन टोल से सिर्फ 200 मीटर दूर मवेशियों का जमावड़ा उनकी गश्त और तत्परता की पोल खोल रहा है। टोल टैक्स वसूली पर सवाल जब टोल प्रबंधन चालकों से सड़क उपयोग का शुल्क ले रहा है तो उन्हें मवेशी-मुक्त और सुरक्षित मार्ग प्रदान करने की जिम्मेदारी से मुंह क्यों मोड़ा जा रहा है ? वाहन चालकों ने प्रशासन और हाईवे के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि लापरवाह टोल कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और हाईवे से मवेशियों को हटाने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं और गोवंश की मौतों पर विराम लग सके।

इनका कहना है

अभी बारिश का समय चल रहा है हम लोग रोज गायों को हटाते हैं, लेकिन गाये खेत में जाती है तो किसान रोड पर भगा देते है अगर गौशालाओं में व्यवस्था हो जाए तो गाय रोड पर नहीं दिखेगी।

-कुशहाल चैधरी, टोल टैक्स मैनेजर ब्यावरा।

151 पौधे लगाकर शुरुआत की

सौंधिया राजपूत समाज का संकल्प हरियाली अमावस्या तक लगाएंगे पौधे



हरिभूमि न्यूज. जीरापुर। अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा के आह्वान पर समाज द्वारा पूरे प्रदेश में एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सामाजिक स्तर पर लिए गए इस पौधारोपण अभियान को समाज द्वारा 'हरियाली अमावस्या' तक निरंतर चलाते हुए पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल कायम की जाएगी। प्रदेश स्तर के इस ''पर्यावरण बचाओ, पौधे लगाओ'' अभियान के तहत क्षेत्र को हरा-भरा करने के संकल्प के साथ नगर जीरापुर में 'सोंधवाड़ी राजपूत समाज धर्मशाला' परिसर में समाजजनों द्वारा '151 पौधे' लगाए गए। पौधारोपण के साथ ही सभी ने इन पौधों को वृक्ष बनाने का संकल्प भी लिया। 'इस अवसर पर समाज के 'राष्ट्रीय संगठन मंत्री लक्ष्मीनारायण चैहान', जिलाध्यक्ष नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, कालूसिंह तोमर, पूर्वमंडी अध्यक्ष कमलसिंह पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष इंदरसिंह परमार, महासचिव प्यारेलाल चैहान, सत्यनारायण सरावत, गंगाराम दोबड़ा, प्रदेश प्रभारी चंदरसिंह पंवार, राजेंद्रसिंह आमलाबे, विष्णुसिंह पवांर, भगवानसिंह बटावदा, धर्मशाला प्रबंधन अध्यक्ष मोहनसिंह पंवार, जिला सचिव नारायणसिंह तोमर, ईश्वरसिंह परमार, रमेशचंद पवांर ब्लॉक महासचिव रामबाबू पवांर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नारायणसिंह तोमर, दिलीपसिंह सौलंकी, मिडिया प्रभारी कुमेरसिंह पवांर, श्रीलाल पंवार, पृथ्वीसिंह पटेल, मोहनलाल सरपंच, पर्वतसिंह धतुरिया, सुल्तानसिंह, जसवंतसिंह, नरवर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने चुने अपने प्रतिनिधि

सारंगपुर। स्थानीय सीबीएसई विद्यालय श्री सत्य साई सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन पदों के लिए चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनाव परिणामों के अनुसार ब्लू हाउस के कैप्टन लोकेन्द्र सिंह उमट तथा वाइस कैप्टन साक्षी शर्मा चुनी गईं। रेड हाउस के कैप्टन प्रिंस शर्मा एवं वाइस कैप्टन राजनंदिनी सिसोदिया निर्वाचित हुए। येलो हाउस के कैप्टन शीतल सोलंकी तथा वाइस कैप्टन मोक्ष पाटीदार चुने गए। वहीं ग्रीन हाउस के कैप्टन हर्षित बिजापरी एवं वाइस कैप्टन खुशी माहेश्वरी निर्वाचित हुए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे पूरे शैक्षणिक सत्र में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी और टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय देंगे। साथ ही चुनाव में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की खेल भावना एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहे शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



सोमवार सुबह स्कूल जा रहे एक प्राथमिक शिक्षक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भाटखेड़ी निवासी रामचन्द बैरागी शासकीय प्राथमिक विद्यालय पथरी संकुल केन्द्र कोडक्या, ब्लॉक जीरापुर में प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे।

सोमवार सुबह वह अपने गृह ग्राम भाटखेड़ी से मोटर साइकिल द्वारा ड्यूटी के लिए स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान कोडक्या और बाढ़गांव के बीच सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने उनकी मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिक्षक रामचन्द बैरागी गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसे के बाद मानवता को शर्मसार करने वाली बात सामने आई। ऑल्टो कार का चालक घायल शिक्षक को अस्पताल ले जाने के बजाय मौके पर ही गाड़ी छोड़कर भाग निकला, समय पर इलाज न मिलने और गंभीर चोटों के कारण शिक्षक ने दम तोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीरापुर अस्पताल भिजवाया,जहां मृतक शिक्षक का पोस्टमार्टम (पीएम) किया गया। पुलिस ने ऑल्टो गाड़ी को जब्त कर लिया है और फरार चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। इस हादसे से षिक्षा विभाग में शोक की लहर थी।

फाइनल मैच में आष्टा को 3-0 से हराकर राजगढ़ ने जीता फुटबॉल मुकाबला

विजेता को नकद सहित ट्राफी की गई प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



मुख्यालय के केलक्ट्रेट ग्राउंड पर चल रहे तीन दिवसीय फुटबॉल मुकाबले का सोमवार को समापन हो गया। गोकुल दास त्रिपाठी हॉस्पिटल के सहयोग से हुए इस टूर्नामेंट के फाइनल में राजगढ़ के न्यू स्टार क्लब ने आष्टा को 3-0 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला जीत लिया। विजेता न्यू स्टार टीम को डॉ. गुंजन त्रिपाठी की तरफ से 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता आष्टा की टीम को परवेज खाना द्वारा 11 हजार रुपए एवं ट्राफी प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य पुरस्कार भी बेस्ट प्लेयरों को बांटे गए। इसके पूर्व कल सोमवार को दो सेमीफाइनल हुए पहला राजगढ़ जेसीएस और आष्टा के बीच खेला गया। जिसे आष्टा की टीम ने जीत लिया। दूसरा सेमीफाइनल खिलचीपुर और न्यू स्टार राजगढ़ के बीच खेला गया जिसमें न्यू स्टार टीम विजेता रही। शाम को खिताबी मुकाबला आष्टा और न्यू स्टार के बीच खेला गया जिसे न्यू स्टार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत से उत्साहित विजेता टीम के खिलाड़ियों ने देर शाम नगर में एक जुलूस निकाला और जमकर आतिशबाजी की। आयोजकों में शामिल चीकू भाई ने बताया कि अगले वर्ष भी यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी साझा की

दतिया विस उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर जश्न मनाया, की आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद सारंगपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय आशा भवन में उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी साझा की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने चुनाव में मिली सफलता को संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। कार्यकर्ताओं ने दतिया विधानसभा चुनाव के प्रभारी एवं राजगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व, रणनीति और सतत मार्गदर्शन से कांग्रेस को महत्वपूर्ण जीत मिली है। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस के लिए सकारात्मक संकेत बताते हुए भविष्य में भी संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यालय परिसर कांग्रेस के समर्थन में लगाए गए नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष आविद हुसैन लोदी,पूर्व नपा अध्यक्ष मो अली,प्रदीप सदानी,समीर मेव,निजाम कुरैशी,शोएब हसन राही सहित कई वरिष्ठ एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने जीत की खुशी मनाते हुए प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनता के विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प भी व्यक्त किया।

दतिया से मप्र में परिवर्तन का आगाज हुआः बापूसिंह तंवर



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़ प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर हुए उप-चुनाव में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है। इस एतिहासिक जीत से उत्साहित कांग्रेसियों में उत्साह का माहौल है। इस खुशी में मुख्यालय सहित जिले भर में कईं स्थानों पर कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटते हुए एक-दूसरे को जीत की बधाइयां दी। जीत से उत्साहित इंकाईयों ने मुख्यालय के बिरसा मुंडा चैराहे पर जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी ने अपने-अपने उद्धबोधनों में कहा यह जनता की आवाज है जो खुलकर सामने आई है। दतिया से मप्र में परिवर्तन की शुरूआत हुई है। मां पीताम्बरा के आर्शिवाद से धर्म की जीत हुई है एवं भारतीय जनता पार्टी के अंहकार की हार हुई है। आज पूरे देश में भाजपा की सरकार के चलते वे हर राज्य में मनमर्जी से शासन चला रहे हैं। किसान परेशान है, जनता परेशान है, युवा परेशान है या यूं कहें कि हर वर्ग भाजपा के नेताओं की मनमानी और भ्रष्टाचार के आगे त्रस्त हो चुका है। जनता ने सही निर्णय लेकर कांग्रेस पार्टी को जिताया है।

पूरे प्रदेश में सरकार बनाएगी कांग्रेसः पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता तय कर चुकी है की अब परिवर्तन करना ही होगा और आगामी विधानसभा चुनाव में यह परिवर्तन स्पष्टतः नजर आ जाएगा और पूरे सूबे में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस अवसर पर प्रेमसिंहजी, विजयपाल भाटी, पार्षद कमाल खान, लोकेश बबलु दुबे, श्याम दुबे बिट्टा सहित कईं इंकाजन उपस्थित थे।